अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम

# 22वीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता-2019

पूर्वी उत्तर प्रदेश, कानपुर

## 26 दिसम्बर 2019 से 01 जनवरी 2020



आयोजक

## सेवा समर्पण संस्थान

बिरसा मुण्डा वनवासी छात्रावास, श्रीरामलला रोड, रावतपुर गांव, कानपुर–208019
दूरभाष : 0512–2503585 चलभाष : 7376499782, 8004929407, 9935995240
E-mail : sewasamarpansansthan@gmail.com | dineshkumar.sss348@gmail.com

तू मैं एक रक्त

संगठित वनवासी-समृद्ध भारत



वनयोगी बालासाहब देशपाण्डे






## एक परिचय-

भारत में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम 1952 से सम्पूर्ण भारत वर्ष में 12 करोड़ जनजाति (वनवासी) समाज के धर्म, संस्कृति, परम्परा, पूजा एवं प्रतिष्ठा को संरक्षित व सुरक्षित रखते हुए उनके सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलम्बन तथा ,खेलकूद के माध्यम से प्रयासरत है।

## एकलव्य खेलकूद प्रकल्प-



वनवासी कल्याण आश्रम 1987 से 'एकलव्य खेलकूद प्रकल्प' के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिताओं द्वारा प्रतिभा खोज का कार्य कर रहा है। भारत में कुल 432 वनवासी जिलों में 2500 खेल केन्द्रों के माध्यम से कल्याण आश्रम ने लाखों जनजातीय (वनवासी) परिवारों के जीवन में परिवर्तन लाने का कार्य किया है। जनजाति बन्धुओं का राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा का विकास करने हेतु कल्याण आश्रम प्रतिवर्ष अलग–अलग खेलों का राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन करता है। इन आयोजनों में भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के अधिकारी वनवासी खिलाड़ियों का राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय खेलों हेतु चयन करते हैं तथा अपने ट्रेनिंग कैम्पों (छात्रावास) में ले जाते हैं। कानपुर (उ0प्र0) में प्रथम बार अखिल भारतीय तीरदांजी एवं कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित है।

## अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा संपन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का विवरण

| क्र0सं0 | वर्ष | खेलकूद स्थान | प्रान्त |
|---|---|---|---|
| 1 | 1988 | मुम्बई | महाराष्ट्र |
| 2 | 1991 | इन्दौर | मध्यप्रदेश |
| 3 | 1995 | उदयपुर | राजस्थान |
| 4 | 1997 | राऊरकेला | उड़ीसा |
| 5 | 1998 | व्येनाद | केरल |
| 6 | 1999 | अमरावती | महाराष्ट्र |
| 7 | 2000 | राँची | झारखण्ड |
| 8 | 2002 | कोलकता | प0 बंगाल |
| 9 | 2003 | निझामाबाद | आंध्रप्रदेश |
| 10 | 2004 | जयपुर | राजस्थान |
| 11 | 2005 | सोनभद्र | उत्तर प्रदेश |
| 12 | 2006 | पूर्णीया | बिहार |
| 13 | 2007 | अमरावती | महाराष्ट्र |
| 14 | 2009 | सोलन | हिमांचल |
| 15 | 2010 | विजयवाड़ा | आन्ध्रप्रदेश |
| 16 | 2011 | पुणे | महाराष्ट्र |
| 17 | 2014 | बंगलूरु | कर्नाटक |
| 18 | 2015 | राँची | झारखण्ड |
| 19 | 2016 | मुम्बई | महाराष्ट्र |
| 20 | 2017 | भोपाल | मध्यप्रदेश |
| 21 | 2018 | गुवाहाटी | असम |
| 22 | 2019 | कानपुर | उत्तर प्रदेश |








## हमारा उद्देश्य-

'संस्कृति सबकी एक चिरन्तन खून रगों में हिन्दू है। विराट सागर समाज अपना हम इसके बिन्दू हैं। इस दिव्य भावना का दिव्य जागरण सभी के अन्तःकरण में प्रस्फुटित हो, सुसुप्त प्रतिभाएं जगें, आगे बढ़ें राष्ट्र एवं विश्व पटल पर अपनी कीर्ति ध्वजा फहराए, भारत का नाम स्वर्णांकित हो, एकात्मभाव 'तु मै एक रक्त' की अभिव्यक्ति मुखरित हो, समत्व, ममत्व, अपनत्व का बोध हो, वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता एक विराट आयोजन विविध विधाओं में प्रस्तुत खेलकूद की रुपरेखा एक विराट स्वप्न साकार करने का संकेत है। प्रतिभावान अपनी प्रतिभा को उस ऊंचाई पर पहुचाएं जिसके आगे राह नहीं।















## आप से अपेक्षाएं-

खेलकूद के कार्यक्रम का आयोजन 26 दिसम्बर, 2019 से 02 जनवरी 2020 तक पं. दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय, आजाद नगर, कानपुर में होगा जिसमें पूरे देश से एक हजार प्रतिभागी तथा दो सौ व्यवस्थापक उपस्थित रहेंगे। उनके भोजन, आवास, एवं अन्यान्य व्यवस्थाएं समाज के सहयोग से ही होनी हैं। अतः आप अपने सामर्थ्य अनुसार इस कार्यक्रम में सहयोग करने की कृपा करें।

सेवा समर्पण संस्थान को आयकर की धारा 80जी में छूट प्राप्त है। आप चेक/ड्राफ्ट सेवा समर्पण संस्थान के नाम से दे सकते है।






# राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता

## – भव्य उद्घाटन –

1. 29 दिसम्बर 2019 पं0 दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय, आजाद नगर, कानपुर में होगा।
2. जिसमें लगभग पूरे कानपुर नगर से 5 हजार नागरिकों की उपस्थिति रहेगी।
3. सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति।

SOLAR PRESS # 9839030542